www.facebook.com/kheldhaba www.youtube.com/kheldhaba www.twitter.com/kheldhaba www.kheldhaba.com

Khel dhaba.com

खेल ढाबा

पटना, रविवार, 25 मई, 2025 वर्ष-1 ॥ अंक-3 ॥ पृष्ठ-2 ॥

डिजिटल समाचार

श्रीकांत वीडब्ल्यूएफ के फाइनल में पेज-02

इंग्लैंड ने जिंबाब्वे को हराया पेज-02

जमुई फाइनल में, पटना से होगी भिड़ंत पेज-02

शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम की कमान

इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम घोषित, ऋषभ पंत होंगे उपकप्तान, साई सुदर्शन व अर्शदीप पहली बार टेस्ट टीम

मुंबई, 24 मई। स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल को शनिवार को 'बड़े बदलाव के दौर' से गुजर रही 18 सदस्यीय भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया जबकि ऋषभ पंत को इंग्लैंड में पांच मैचों की शृंखला के लिए उपकप्तानी की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

पच्चीस साल के गिल भारत के पांचवें सबसे युवा टेस्ट कप्तान होंगे। मंसूर अली खान पटौदी (21), सचिन तेंदुलकर (23), कपिल देव (24) और रवि शास्त्री (25) ने उनसे कम उम्र में देश की टेस्ट टीम का नेतृत्व किया है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की शृंखला 20 जून से लीड्स में शुरू होगी।

भारतीय सीनियर क्रिकेट टीम चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने टीम की घोषणा के बाद कहा कि पिछले साल या उससे भी पहले हमने शुभमन (नेतृत्व के लिए) पर नजर रखना शुरू कर था। हम मानते है कि वह इस काम के लिए सबसे उपयुक्त है। यह काफी दबाव वाला काम है लेकिन वह एक शानदार खिलाड़ी है। हम उसे शुभकामनाएं देते हैं।

शुभमन गिल ने 2020 में पदार्पण करने के बाद अब तक 32 टेस्ट मैच खेले हैं तथा शीर्ष क्रम में खेलते हुए पांच शतक और सात अर्धशतक के साथ 35 के औसत से 1893 रन बनाए हैं।

वहीं 27 वर्षीय पंत थोड़े अनुभवी हैं जिन्होंने 43 टेस्ट मैच 42.11 के औसत से 2948 रन बनाए हैं। वह 2018 में टीम में शामिल हुए जिसके बाद उन्होंने छह शतक और 15 अर्धशतक लगाए हैं। अगरकर ने पंत की भूमिका के बारे में कहा कि पंत पिछले चार–पांच वर्षों में टेस्ट क्रिकेट में हमारे सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक हैं। एक विकेटकीपर खेल को अच्छी तरह से परख सकता है और इसलिए वह शुभमन के सहायक होंगे।

रोहित शर्मा और विराट कोहली के इस महीने टेस्ट ?िकेट से संन्यास के बाद टीम के नेतृत्व पर चयनकर्ताओं का यह फैसला अपेक्षित था। इन दोनों दिग्गजों के संन्यास के बाद टीम बदलाव के दौर से गुजरेगी जिसमें इंग्लैंड में उसकी कड़ी परीक्षा होगी।

तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को टीम से बाहर रखा गया है। उन्हें इस लंबी सीरीज के लिए पर्याप्त रूप से फिट नहीं माना गया। बायें हाथ के युवा बल्लेबाज बी साई सुदर्शन और बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सह को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया। सुदर्शन की तरह अर्शदीप को भी काउंटी क्रिकेट में खेलने का अनुभव है। खलील अहमद की जगह चुने गए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप टी20 क्रिकेट में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं लेकिन पारंपरिक प्रारूप में खुद को साबित करना उनके लिए कहीं ज्यादा मुश्किल चुनौती होगी।

करुण नायर आठ साल के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी कर रहे हैं। नायर ने भारत के लिए अपना पिछला टेस्ट मैच 2017 में खेला था। उन्हें भारत की ओर से दूसरा तिहरा शतक बनाने वाले खिलाड़ी बनने के तुरंत बाद टीम से बाहर कर दिया गया था। ऑस्ट्रेलिया दौरे की टीम से हर्षित राणा और सरफराज खान को बाहर कर दिया गया है। हालांकि सरफराज ने दावा किया था कि उन्होंने अपना वजन कम करके अपनी फिटनेस संबंधी कुछ चिंताओं को दूर कर लिया है।

गिल के अलावा बुमराह भी कप्तानी के लिए एक और मजबूत दावेदार थे, लेकिन चयनकर्ताओं ने पंजाब के बल्लेबाज को नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपने का फैसला किया। बुमराह की फिटनेस पर भी सवाल थे और अगरकर ने माना कि स्टार तेज गेंदबाज की पूरी शृंखला के लिए उपलब्धता चिंता का विषय है।

गिल की प्रतिभा पर किसी को संदेह नहीं है लेकिन उन्हें टेस्ट में खुद को एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों में खुद को साबित करना बाकी है। इंग्लैंड में तीन टेस्ट में उनका औसत 14.66 है।

घरेलू क्रिकेट में गिल को बहुत ज्यादा अनुभव नहीं है लेकिन पिछले कुछ सत्र से वह आईपीएल फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस की अगुआई कर रहे हैं। घरेलू क्रिकेट में काफी रन जुटाने वाले अभिमन्यु ईश्वरन को 'रिजर्व' सलामी बल्लेबाज के तौर पर टीम में जगह मिली है। उन्हें पहले भी चुना गया था लेकिन वह कभी अंतिम एकादश में शामिल नहीं हो पाए। गेंदबाज के तौर पर नितीश रेढडी पर संदेह के चलते चयनकर्ताओं ने शार्दुल ठाकुर के रूप में एक और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर को चुना है जो भारत के अंतिम बार दिसंबर 2023 में खेले थे। ठाकुर भारत के पिछले इंग्लैंड दौरे पर टीम का हिस्सा थे, जहां उन्होंने ओवल टेस्ट में अर्धशतक जड़ा था जिसमें भारत ने 157 रन से जीत दर्ज की थी।

भारतीय टीम

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेढडी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव।

शुभमन गिल 37वें टेस्ट कप्तान

1. सीके नायडू
2. विजयनगरम के महाराजकुमार
3. इफ्तिखार अली खान पटौदी
4. लाला अमरनाथ
5. विजय हजारे
6. वीनू मांकड़
7. गुलाम अहमद
8. पोली उमरीगर
9. हेमू अधिकारी
10. दत्ता गायकवाड़
11. पंकज रॉय
12. गुलाबराय रामचंद
13. नारी कॉन्ट्रैक्टर
14. एमएके पटौदी
15. चंदू बोर्डे
16. अजीत वाडेकर
17. एस वेंकटराघवन
18. सुनील गावस्कर
19. बिशन सिंह बेदी
20. गुंडप्पा विश्वनाथ
21. कपिल देव
22. दिलीप वेंगसरकर
23. रवि शास्त्री
24. के श्रीकांत
25. मो. अज़हरुद्दीन
26. सचिन तेंदुलकर
27. सौरभ गांगुली
28. राहुल द्रविड़
29. वीरेंद्र सहवाग
30. अनिल कुंबले
31. एमएस धौनी
32. विराट कोहली
33. अजिंक्य रहाणे
34. केएल राहुल
35. रोहित शर्मा
36. जसप्रीत बुमराह
37. शुभमन गिल

टीम में चुने जाने सुदर्शन ने कहा, 'अविश्वसीनय'

इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किए गए युवा बल्लेबाज बी साई सुदर्शन ने शनिवार को इस मौके को 'अविश्वसनीय' करार देते हुए कहा कि यह तो महज शुरूआत है और उनकी 'कहानी में अभी बहुत कुछ बाकी' है। टीम में चयन की खबर मिलने पर सुदर्शन ने कहा, ''मुझे लगता है कि एक क्रिकेटर के लिए देश के लिए खेलना ही बहुत बड़े सम्मान की बात है। यह बहुत शानदार, विशेष और अविश्वसनीय अहसास है। कोई भी खिलाड़ी जो क्रिकेट खेलना शुरू करता है, वह टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता है जो उसका अंतिम लक्ष्य होता है। सुदर्शन ने इस मुकाम तक पहुंचने में अपने माता–पिता और रिश्तेदारों के योगदान को याद करते हुए कहा, ''मुझे पता है कि मेरे माता-पिता आज खुश होंगे।

चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर की प्रतिक्रिया

शुभमन गिल : पिछले साल या उससे भी पहले हमने शुभमन (नेतृत्व के लिए) पर नजर रखना शुरू कर था। हम मानते है कि वह इस काम के लिए सबसे उपयुक्त है। यह काफी दबाव वाला काम है लेकिन वह एक शानदार खिलाड़ी है। हम उसे शुभकामनाएं देते हैं।

ऋषभ पंत : पंत पिछले चार–पांच वर्षों में टेस्ट क्रिकेट में हमारे सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक हैं। एक विकेटकीपर खेल को अच्छी तरह से परख सकता है और इसलिए वह शुभमन के सहायक होंगे।

टीम को लेकर : रोहित शर्मा और विराट कोहली के इस महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद टीम के नेतृत्व पर चयनकर्ताओं का यह फैसला अपेक्षित था। इन दोनों दिग्गजों के संन्यास के बाद टीम बदलाव के दौर से गुजरेगी जिसमें इंग्लैंड में उसकी कड़ी परीक्षा होगी।

मोहम्मद शमी : शमी सीरीज के लिए फिट होने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन पिछले हफ्ते उन्हें थोड़ा झटका लगा। उन्होंने कुछ एमआरआई करवाए हैं। मैं यह बताना चाहूंगा कि मुझे नहीं लगता कि वह सभी पांच टेस्ट के लिए उपलब्ध होंगे। मुझे नहीं लगता कि उनका कार्यभार उतना है जितना होना चाहिए।

बी साई सुदर्शन : साई को आईपीएल के प्रदर्शन आधार पर नहीं चुना गया है। उन्होंने सही जज्बा दिखाया है और शीर्ष स्तर पर सफल होने के लिए उनके पास मजबूत तकनीक है। हम कुछ समय से उन पर नजर रख रहे थे।

जसप्रीत बुमराह : स्टार तेज गेंदबाज की पूरी शृंखला के लिए उपलब्धता चिंता का विषय है। जहां तक फिजियो और डॉक्टरों ने हमें बताया है, मुझे नहीं लगता कि वह सभी पांच टेस्ट के लिए उपलब्ध होंगे।

वह चार या तीन (टेस्ट) हो, हम देखेंगे कि सीरीज कैसी जाती है और उसका शरीर कार्यभार को कैसे लेता है। यह कहने की जरूरत नहीं है कि वह कितने महत्वपूर्ण है। इसलिए भले ही वह तीन या फिर चार टेस्ट के लिए फिट हो, वह हमें कुछ टेस्ट मैच में जीत दिलाएगा।

आईपीएल 2025

समीर रिज्वी ने खेली 58 रनों की शानदार पारी

दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब किंग्स को हराया

जयपुर, 24 मई। दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल के 66वें मैच में पंजाब किंग्स को छह विकेट से हरा दिया। इस हार ने प्लेऑफ में पहुंच चुकी पंजाब किंग्स का टॉप–2 में फिनिश करना मुश्किल कर दिया। वहीं, दिल्ली ने 15 प्वाइंट्स के साथ 5वें नंबर पर रहकर अपना लीग स्टेज फिनिश किया। टीम प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करना चुना। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब ने आठ विकेट खोकर 206 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने 53 और मार्क्स स्टोयनिस ने 46 रन की पारी खेली।

जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली ने 19.3 ओवर में चार विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। समीर रिज्वी ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलवाई। समीर रिज्वी ने 25 गेंदों में 58 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। 19वें ओवर में समीर रिज्वी ने अर्शदीप सिंह के खिलाफ सिंगल लिया और 22 गेंद पर अपनी पहली आईपीएल फिफ्टी पूरी कर ली। 20वें ओवर की तीसरी गेंद पर समीर रिज्वी ने मार्क्स स्टोयनिस के खिलाफ छक्का लगाया और टीम को छह विकेट से जीत दिला दी। रिज्वी ने पांच छक्के लगाकर 58 रन बनाए।

CASA PICOLLA
CP
ROOF-TOP GARDEN
RESTAURANT & BANQUET

Fraser Road, Patna Super Market, Opp Doordarshan Gate, Patna, Bihar,India

CONTACT
7079667788

संक्षिप्त

जोकोविच 100वें एटीपी खिताब से एक कदम दूर

जिनेवा, 24 मई। नोवाक जोकोविच ने जिनेवा ओपन के सेमीफाइनल में ब्रिटेन के मैरन नॉरी के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत हासिल कर अपने 100वें एटीपी टूर–स्तरीय एकल खिताब से एक जीत दूर पहुंच गए हैं। जिमी कोनर्स और रोजर फेडरर के बाद जोकोविच ओपन युग में 100 एटीपी खिताब जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी बनने की ओर अग्रसर है। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने शुक्रवार को नॉरी पर 6–4 6–7 (6–8) 6–1 की शानदार जीत के साथ उस मील के पत्थर के करीब एक कदम और बढ़ा दिया।

जू.विश्व कप निशानेबाजी में शांभवी को स्वर्ण

सुहल (जर्मनी), 24 मई। भारत की शांभवी क्षीरसागर ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में शनिवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता जबकि ओजस्वी ठाकुर को रजत पदक मिला। भारत अब दो स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य के साथ शीर्ष पर है। शांभवी ने 24 शॉट के फाइनल में 253 स्कोर किया जबकि ओजस्वी उनसे 1.2 अंक पीछे रह गई। इटली की कालोटा सालाफिया को कांस्य पदक मिला। पुरूष पर्ग में खेलो इंडिया युवा खेलों के चैम्पियन नारायण प्रणव को कांस्य पदक मिला जिन्होंने फाइनल में 227.9 स्कोर किया। वह अमेरिका के ब्रेडेन पीसेन (250) और चीन के हुआंग लिवांलिन (250.3) से पीछे रहे।

मणिपुर खेलो इंडिया 'बीच गेम्स' का चैंपियन

दीव, 24 मई। मणिपुर शनिवार को सबसे ज्यादा रजत पदक की बदौलत महाराष्ट्र और नागालैंड को पछाड़कर शुरुआती खेलो इंडिया 'बीच गेम्स' (केआईबीजी) २०२५ का चैंपियन बना। इन सभी तीनों टीम के पास पांच पांच स्वर्ण पदक थे लेकिन मणिपुर (6) ने महाराष्ट्र (5) और नगालैंड (3) से ज्यादा रजत पदक हासिल कर तालिका में शीर्ष पर रहकर खिताब जीता। नगालैंड खेलो इंडिया प्रतियोगिता में पहली दफा शीर्ष तीन में शामिल रहा जो उसके लिए ऐतिहासिक क्षण रहा। हरियाणा और जम्मू कश्मीर ने संयुक्त चौथा स्थान हासिल किया। दोनों ने पांच स्वर्ण पदकों के अलावा एक रजत और तीन कांस्य पदक जीते। अगले नंबर पर दिल्ली रही जिसके खाते में चार स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक रहे। मेजबान दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव ने दिल्ली के बाद अगला स्थान हासिल किया, उसके नाम चार स्वर्ण और पांच कांस्य पदक रहे। खेलों के 46 स्वर्ण पदकों में 28 पैनकाक सिलाट में दिए गए।

इंग्लैंड ने जीती महिला टी20 सीरीज

लंदन, 24 मई। इंग्लैंड ने होव में वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराकर टी20 सीरीज में 2–0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। जीत के लिए मात्र 82 रनों का पीछा करते हुए, इंग्लैंड ने शुक्रवार को कप्तान नेट साइवर–ब्रंट के 31 गेंदों पर नाबाद 55 और सोफिया डंकले के नाबाद 24 रनों की मदद से 9.2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

संजू, पवन थाईलैंड ओपन मुक्केबाजी में जीते

बैंकॉक, 24 मई। राष्ट्रीय खेलों के कांस्य पदक विजेता संजू एमएस और रजत पदक विजेता पवन बर्थवाल ने चौथे थाईलैंड ओपन अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट में शनिवार को अपने अपने मुकाबले जीते। संजू ने जापान के सारी कोकुफू को 5-0 से हराया और अब वह महिलाओं के 60 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई।

लाकड़ा बने जूनियर हॉकी टीम के सहायक कोच

नयी दिल्ली, 24 मई। बीरेंद्र लाकड़ा को इस साल के अंत में होने वाले जूनियर विश्व कप से पहले भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का सहायक कोच नियुक्त किया गया है। लाकड़ा टीम के मुख्य कोच पीआर श्रीजेश के साथ मिलकर काम करेंगे।

जमुई फाइनल में, पटना से होगी भिड़ंत

रणधीर वर्मा अंडर-19 वनडे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में भोजपुर 8 विकेट से हारा

पटना, 24 मई (खेलढाबा)। जमुई ने भोजपुर को 8 विकेट से हरा कर रणधीर वर्मा मेंस अंडर–19 वनडे ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

फाइनल में जमुई की भिड़ंत पटना होगी जिसने पहले सेमीफाइनल में अररिया को पराजित किया है। फाइनल मुकाबला रविवार यानी 25 मई को खेला जायेगा।

जमुई की ओर से इस मैच मोहम्मद तौफिक (67 रन), सचिन भारद्वाज (नाबाद 73 रन) ने अर्धशतक जमाये जबकि मोहित शर्मा ने नाबाद 42 रन की पारी खेली। गेंदबाजी में अमन सिंह और आर्यन राज का जलवा रहा। दोनों ने तीन–तीन विकेट चटकाये।

भोजपुर की टीम ने 50 ओवर जरूर खेला पर बल्ले से उतने रन निकले। बैटरों में बड़ी साझेदारी का अभाव दिखा जिसका नतीजा हुआ स्कोर बोर्ड पर कम स्कोर टंगा।

स्थानीय मोइनुल हक स्टेडियम में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में टॉस जमुई ने जीता और पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। पहले बैटिंग करने उतरी भोजपुर टीम की शुरुआत खराब रही। शुरुआत के दो विकेट जल्दी गिर गए। यों कहें कुछ–कुछ अंतराल पर विकेट गिरते रहे। जमुई की कसी गेंदबाजी के आगे भोजपुर के बैटरों के बल्ले से रन नहीं निकले और भोजपुर की टीम 50 ओवर में 186 रन पर ऑल आउट हो गई।

भोजपुर की ओर से रितविज सिंह ने 13, अमर कुमार 36, प्रियांशु कुमार ने 14, शिवम सिंह ने 18, मोहित कुमार ने 29 रन बनाये। अतिरिक्त के सहारे 23 रन बनाये। जमुई की ओर से अमन सिंह ने 3, अरमान कुमार ने 2, सचिन भारद्वाज ने 2 और आर्यन राज ने 3 विकेट चटकाये।

187 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जमुई की टीम ने शानदार तरीके से 30.4 ओवर में 2 विकेट पर 192 रन बना कर प्राप्त कर लिया और फाइनल का टिकट कटा लिया। जमुई की ओर से मोहम्मद तौफिक ने 24 गेंद में नौ चौका व 4 छक्का की मदद से 67, सचिन भारद्वाज ने 93 गेंद में 11 चौका की मदद से नाबाद 73 और मोहित शर्मा ने 58 गेंद में 3 चौका व 1 छक्का की मदद से नाबाद 42 रन बनाये। भोजपुर की ओर से शिवम सिंह ने 1 और सत्री सिंह ने 1 विकेट चटकाये। विजेता टीम के सचिन भारद्वाज को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

संक्षिप्त स्कोर

भोजपुर : 50 ओवर में 186 रन पर ऑल आउट रितविज सिंह 13, अमर कुमार 36, प्रियांशु कुमार 14, शिवम सिंह 19, शिवम संजय सिंह 18, मोहित कुमार 29, अतिरिक्त 23, अमन कुमार सिंह 3/25, अरमान कुमार 238, सचिन भारद्वाज 224, आर्यन राज 3/56

जमुई : 30.4 ओवर में दो विकेट पर 192 रन, मोहम्मद तौफिक 67, सचिन भारद्वाज नाबाद 73, मोहित शर्मा नाबाद 42, शिवम सिंह 1/50, सत्री सिंह 1/49

श्रीकांत छह साल में पहली बार बीडब्ल्यूएफ के फाइनल में

कुआलालंपुर, 24 मई। भारतीय बैडमटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने शनिवार को यहां मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमटन टूर्नामेंट में जापान के युशी टनाका पर सीधे गेम में जीत दर्ज कर छह साल में पहली बार बीडब्ल्यूएफ टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में प्रवेश किया। 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सटीक नेट प्ले और आक्रामक खेल की बदौलत दुनिया के 23वें नंबर के खिलाड़ी टनाका को रोमांचक मुकाबले में 21–18, 24–22 से शिकस्त दी। श्रीकांत ने जीत के बाद कहा कि मैं बहुत खुश हूं, काफी समय के बाद यहां तक पहुंचा हूं। वह रविवार को होने वाले फाइनल में दूसरे वरीय चीन के लि शि फेंग से भिड़ेंगे। श्रीकांत 2019 इंडिया ओपन में उपविजेता रहे थे और इसके बाद से इस 32 वर्षीय खिलाड़ी का बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में पहला फाइनल है। उन्होंने 2017 में चार खिताब जीते थे। पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत पिछले कुछ सत्र में खराब फॉर्म और फिटनेस के दौर से गुजर रहे हैं जिससे अब वह विश्व रैंकिंग में 65 वें स्थान पर मौजूद हैं।

बशीर के पांच विकेट, इंग्लैंड ने जिंबाब्वे को पारी से हराया

नॉटिंघम, 24 मई। जिंबाब्वे की दूसरी पारी भी अपेक्षा के अनुरूप तीन दिन में ही सिमट गई और इंग्लैंड ने एकमात्र टेस्ट मैच में उसे एक पारी और 45 रन के अंतर से हराकर भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला की तैयारी पुख्ता की। इंग्लैंड के छह विकेट पर 565 रन के जवाब में जिंबाब्वे की टीम 265 और 255 रन पर आउट हो गई। इंग्लैंड को भारत के खिलाफ 20 जून से पांच टेस्ट की श्रृंखला खेलनी है। वैसे इस हार के बावजूद जिंबाब्वे की टीम ने इंग्लैंड के आगे आसानी से घुटने नहीं टेके। बाईस साल में पहली बार इंग्लैंड से टेस्ट खेल रही जिंबाब्वे टीम को पहले ही दिन झटका लगा था जब उसके तेज गेंदबाज रिचर्ड एंगारावा नौ ओवर फेंकने के बाद कमर की चोट के कारण बाहर हो गए। इंग्लैंड ने पहले ही दिन तीन विकेट पर 498 रन बना लिये थे और दूसरे दिन पारी की घोषणा की।

ईआरसीसी की जीत में चमके हर्षवर्धन, वाईएमसीसी के विराट की पारी गई बेकार

पटना, 24 मई (खेलढाबा)। पटना जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित पटना जिला सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग के सुपर लीग के मुकाबले में ईआरसीसी ने वाईएमसीसी को चार विकेट से हराया।

22 यार्ड क्रिकेट एकेडमी ग्राउंड पर खेले गए सुपर लीग के इस मुकाबले में वाईएमसीसी की ओर से विराट पांडेय ने 95 रन की शानदार पारी खेली जो बेकार चली गई।

ईआरसीसी की ओर से आशीष कुमार ने 52, आदित्य कुमार ने 47 रन और हर्षवर्धन ने नाबाद 45 रन बनाये जो जीत में अहम रहे। हर्षवर्धन कोप्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। ईआरसीसी के रोहित राज (30 रन, 3 विकेट) का हरफनमौला प्रदर्शन रहा।

टॉस वाईएमसीसी ने जीता और पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 40 ओवर में सभी विकेट खोकर 254 रन बनाये। वाईएमसीसी की ओर से अमित कुमार ने 33, अभिषेक ने 14, रिषभ राकेश ने 26, विराट पांडेय ने 95, सूरज कश्यप ने 20, श्यामल पांडेय ने 33 रन बनाये। अतिरिक्त के सहारे 25 रन बने।

ईआरसीसी की ओर से मुकेश पटेल ने 2, रोहित राज ने 3, प्रियांशु किमार ने 1, अभिनव सिंह ने 3 और आदित्य कुमार ने 1 विकेट चटकाये। जवाब में ईआरसीसी की टीम 37.5 ओवर में 6 विकेट पर 256 रन बना कर मैच अपने नाम कर लिया। आदित्य कुमार ने 47, आशीष कुमार ने 52, रोहित राज ने 30, यश प्रताप ने 25, हर्षवर्धन ने नाबाद 45, सौरभ तिवारी ने 26, अमन अविनाश ने नाबाद 11 रन की पारी खेली। वाईएमसीसी की ओर से सूरज कश्यप ने 3 विकेट चटकाये।

संक्षिप्त स्कोर

वाईएमसीसी : 40 ओवर में 254 रन पर ऑल आउट, अमित कुमार 33, अभिषेक कुमार 14, रिषभ राकेश 26, विराट पांडेय 95, सूरज कश्यप 20, श्यामल पांडेय 33, अतिरिक्त 25, मुकेश पटेल 2/33, रोहित राज 3/47, प्रियांशु कुमार 1/62, अभिनव सिंह 3/35, आदित्य कुमार 1/13

ईआरसीसी : 37.5 ओवर में 6 विकेट पर 256 रन, आदित्य कुमार 47, आशीष कुमार 52, रोहित राज 30, यश प्रताप 25, हर्षवर्धन नाबाद 45, सौरभ तिवारी 26, अमन अविनाश नाबाद 11, अतिरिक्त 12, सूरज कश्यप 3/42

टर्फ एरिना व जीसस एंड मैरी एकेडमी टॉप-8 में

पटना, 24 मई (खेलढाबा)। टर्फ एरिना जूनियर और जीसस एंड मैरी एकेडमी की टीमें कासा पिकोला कप अंडर–12 क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। टर्फ एरिना जूनियर ने ईशान क्रिकेट एकेडमी को 7 विकेट से जबकि जीसस एंड मैरी एकेडमी ने करुणा क्रिकेट एकेडमी जूनियर को 18 रन से हराया।

कृष्णा क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में टर्फ एरिना जूनियर ने ईशान किशन क्रिकेट एकेडमी को बैटिंग का न्योता दिया। ईशान किशन क्रिकेट एकेडमी ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 119 रन बनाये। जवाब में टर्फ एरिना जूनियर की टीम 18.1 ओवर में 3 विकेट पर 122 रन बना कर मैच अपने नाम कर लिया। विजेता टीम के अमन अवस्थी (3 विकेट) को प्लेयर ऑफ द मैच का टर्फ एरिना के सीईओ उदव सिंह ने पुरस्कार प्रदान किया।

कासा पिकोला कप

दूसरे मैच में कुणाल (98 रन) और विवेक कुमार (59 रन) के अर्धशतकों की मदद से जीसस एंड मैरी एकेडमी ने करुणा क्रिकेट एकेडमी जूनियर को 18 रन से हराया। टॉस जीसस एंड मैरी एकेडमी ने जीता और पहले बैटिंग करने का फैसला किया और निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 183 रन बनाये। जवाब में करुणा क्रिकेट एकेडमी जूनियर की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 165 रन ही बना सकी। विजेता टीम के कुणाल को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

संक्षिप्त स्कोर

ईशान किशन क्रिकेट एकेडमी : 20 ओवर में 8 विकेट पर 119 रन, श्रेयांश शर्मा 13, अंश 27, अरविंद कुमार 18, अर्थ कुमार नाबाद 22, अतिरिक्त 28, करण 1/23, अनमोल 1/23, अमन अवस्थी 3/19, दर्श कुमार 2/23, शौर्य सिन्हा 1/8

टर्फ एरिना जूनियर : 18.1 ओवर में 3 विकेट पर 122 रन, यश वर्मा 18, दर्श कुमार 28, सौरभ नाबाद 33, अतिरिक्त 39, अंशुमान कुमार 2/20, श्रेयांश शर्मा 1/6

संक्षिप्त स्कोर

जीसस एड मैरी एकेडमी : 20 ओवर मे चार विकेट पर 183 रन, विवेक कुमार नाबाद 59, कुणाल नाबाद 98, अतिरिक्त 20, सचिन 2/23, टिल्लू 2/26

करुणा क्रिकेट एकेडमी : 20 ओवर में नौ विकेट पर 165 रन, शुभम 19, सचिन कुमार 53, पीयूष चावला 23, अभिषेक नाबाद 12, अतिरिक्त 33, शौर्या 1/39, आदित्य राज 126, विनायक यदुवंशी 117, आदित्य उपाध्याय 2/20, कुणाल 2/29, पीयूष कुमार 2/6

जीएनओआईटी कप क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

पटना, 24 मई। स्थानीय कृष्णा क्रिकेट ग्राउंड पर 25 मई यानी रविवार से सरदार पटेल स्कूली क्रिकेट फेस्टिवल के अंतर्गत शुरू हो रहे जीएनओआईटी कप अंडर–15 क्रिकेट टूर्नामेंट का शानदार आगाज होगा। सरदार पटेल स्पोर्ट्स फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित हो रहे इस मेगा स्कूली क्रिकेट फेस्टिवल के अंतर्गत अंडर–15 वर्ग का पहला मुकाबला एसकेपुरी क्रिकेट एकेडमी बनाम लर्निंग स्कूल ऑफ क्रिकेट के बीच खेला जायेगा। पहले दिन का दूसरा मैच वाईसीसी बनाम करुणा सीसी होगा। यह जानकारी देते हुए सरदार पटेल स्पोर्ट्स फाउंडेशन के महासचिव नवीन कुमार ने बताया कि अंडर–15 वर्ग के मुकाबले कृष्णा क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जायेंगे।

टेबुल टेनिस का समर कैंप शुरू

पटना, 24 मई (खेलढाबा)। बिहार टेबुल टेनिस संघ के तत्वावधान में स्थानीय बिहार यंग मेंस इंस्टीच्यूट में हाई परफॉरमेंस कैचिंग कैंप की शुरुआत हुई। इस कैंप में पूर्व इंटरनेशनल खिलाड़ी विशाखा विजय ट्रेनिंग दे रही हैं। विशाखा विजय बिहार की रहने वाली हैं। वह आईटीटीएफ लेवल 2 कोच हैं। इस ट्रेनिंग कैंप में कुल 50 खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। इस मौके पर विशाखा विजय ने कहा कि आप सपने को तभी पूरा कर सकते हैं जब आपके अंदर जुनून होगा। जुनून वह शक्ति है जो खिलाड़ी को कठिन परिश्रम और चुनौतियों से निपटने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि आप खेल के बारे में जानकारी अवश्य रखें।

खेल से इतर उन्होंने कहा कि आप बड़े खिलाड़ियों के जीवनी को पढ़ें। तभी खेल में बेहतर कर सकते है। खिलाड़ी को ऊर्जावान रहना होगा। तभी बेहतर कर सकते हैं। इस कैंप में खिलाड़ियों को टेबुल टेनिस खेल की बारीकि से अवगत कराया जा रहा है।

बिहार महिला फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता आगाज

पटना, 24 मई (खेलढाबा)। अखिल बिहार शतरंज संघ के तत्वावधान में शनिवार से बिहार राज्य महिला फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता पटना के पाटलिपुत्र कॉलोनी स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज आरम्भ हो गया। प्रतियोगिता में 13 फिडे रेटेड खिलाड़ियों समेत कुल राज्य की 42 महिला प्रतिभागी भाग ले रही हैं। आज खेले गए दो चक्रों की समाप्ति के बाद आठ खिलाड़ी दो अंक लेकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही हैं। जबकि डेढ़ अंक के साथ चार खिलाड़ी दूसरे स्थान पर बने हुए है। दो चक्रों की समाप्ति के बाद दो अंको के साथ मरियम फातिमा, नेहा सिंह, रश्मी प्रिया, अदीबा उल्लाह जैसे वरीय खिलाड़ियों ने अपने अपने मुकाबले जीत प्रतियोगिता में बढ़त बना ली है। वहीं तीसरी वरीयता प्राप्त भोजपुर की अर्पिता को दरभंगा की मनीषा यादव के साथ हार का सामना करना पड़ा। इस तरह शुरुआती चक्रों में अर्पिता के रूप में एकमात्र फिडे रेटेड खिलाड़ी को हार का सामना करना पड़ा।

नौ चक्रों में खेली जानेवाली इस फिडे रेटेड प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि, लायंस इंटरनेशनल की पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर वाणी गुप्ता एंव विशिष्ट अतिथि पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रिंसिपल चंद्रशेखर सिंह ने राज्य की निवर्तमान महिला चैंपियन मरियम फातिमा के साथ शतरंज की बाजी खेलकर की। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता अखिल बिहार शतरंज संघ के अध्यक्ष दिलजीत खन्ना ने की।

कार्यक्रम का संचालन प्रतियोगिता निदेशक नंदकिशोर ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन वरीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार ने किया। इस अवसर पर अखिल बिहार शतरंज संघ के संयुक्त सचिव विपल सुभाषी, शशिनन्द कुमार, इकबाल आलम एवं प्रत्यूष कुमार, प्रतियोगिता की मुख्य निर्णायक फिडे आर्बिटर पिंकी बनर्जी, उप मुख्य निर्णायक फिडे आर्बिटर प्रियंका कुमारी समेत सभी खिलाड़ी, उनके अभिभावक, कोलेज के कर्मिगण समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

बिहार कप सॉफ्ट टेनिस लीग शुरू

सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ बिहार द्वारा द्वितीय बिहार कप सीनियर डिवीजन सॉफ्ट टेनिस लीग चैम्पियनशिप पाटलिपुत्र कॉलोनी स्थित पाटलिपुत्र ट्रेनिंग सेंटर में शनिवार से शुरू हुई। सत्यम प्रकाश, कार्तिकेय, होशियार सिंह सागर, नीतीश कुमार ने अपने–अपने सभी लीग मैच जीते। महिला वर्ग में मेधावी कृति, दिव्या और एंजेल ने अपने सभी मैच जीते। मौके पर बिहार ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष अखौरी विश्वदीप, डेफ ओलम्पिक की स्वर्ण विजेता. शिल्पी जायसवाल, सॉफ्ट टेनिस संघ के अध्यक्ष मोहन प्रसाद, उपाध्यक्ष आलोक आजाद उपस्थित थे। महासचिव धर्मवीर कुमार ने अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

मेहनत का फल

करुण नायर की आठ साल बाद भारतीय टेस्ट टीम में वापसी

प्रिय करुण, तुम्हें एक और मौका मिलेगा

बेंगलुरु, 24 मई। करुण नायर ने 10 दिसंबर 2022 को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा था, ''प्रिय क्रिकेट मुझे एक और मौका दो। और 24 मई 2025 को क्रिकेट से उन्हें जवाब मिला, '' प्रिय करुण, तुम्हें एक और मौका मिलेगा।

तैतीस वर्ष के नायर को अगले महीने इंग्लैंड दौरे के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम में चुना गया है जिससे उन्हें आठ साल बाद अपने कैरियर नया मोड़ देने का मौका मिलेगा।

तैंतीस वर्षीय नायर ने भारत के लिए अपना पिछला टेस्ट मैच 2017 में खेला था। उन्हें भारत की ओर से दूसरा तिहरा शतक बनाने वाला खिलाड़ी बनने के तुरंत बाद टीम से बाहर कर दिया गया था। उनके आसपास की दुनिया को लगा था कि सारी उम्मीदें खत्म हो गई हैं लेकिन नायर ने वापसी की उम्मीद नहीं छोड़ी। इसी उम्मीद ने उन्हें क्रिकेट खेलने के तरीकों पर लौटने के लिए मजबूर किया और इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में नॉर्थम्पटनशर टीम में शामिल होना इस ओर पहला समझदारी भरा कदम रहा।

नायर ने 2023 में नॉर्थम्पटनशर के लिए तीन मैच में 83 के औसत से 249 रन बनाए जिसमें अंतिम चैंपियन सर्रे के खिलाफ शतक भी शामिल था।

एक साल बाद नायर ने 49 के औसत से सात मैच में 487 रन बनाए जिसमें उनकी काउंटी टीम के लिए ग्लैमोर्गन के खिलाफ शतक भी शामिल था।

लेकिन ये रन राष्ट्रीय स्तर पर वापसी के लिए काफी नहीं थे लेकिन उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए काफी थे। नायर ने पिछले साल कहा था, ''हर कोई जानता है, भारतीय बल्लेबाजों के लिए इंग्लैंड में जाकर रन बनाना मुश्किल है। इसलिए मैंने एक बल्लेबाज के तौर पर अपने बारे में बहुत कुछ सीखा है। मैंने रन बनाने के तरीके ढूंढने और खुद पर विश्वास करने के बारे में सीखा है। पर उनके कैरियर में असली बदलाव कर्नाटक टीम को छोड़कर विदर्भ में आने के साथ आया क्योंकि उनकी पूर्व की टीम में अंतिम एकादश में जगह बनाना मुश्किल हो रहा था।

विदर्भ को उस समय अपने बल्लेबाजी क्रम में एक अनुभवी खिलाड़ी की तलाश थी और उसने नायर का खुशी–खुशी स्वागत किया। दाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने भी अपनी नयी टीम को भी निराश नहीं किया और 10 मैच में दो शतक और तीन अर्धशतकों की मदद से 690 रन बनाए। नायर ने 2024-25 सत्र में एक और कदम ऊपर बढ़ाते हुए नौ मैच में 54 की औसत से चार शतकों की मदद से 863 रन बनाए। फिर बेंगलुरु के इस बल्लेबाज ने विजय हजारे ट्रॉफी वनडे टूर्नामेंट में सात मैच में पांच शतकों की बदौलत 779 रन बनाए जिसमें उनका औसत 389.50 रहा।

फिर भारतीय टीम में उनके चयन का मुद्दा देश भर में बहस का विषय बन गया था।

विदर्भ के कोच उस्मान गनी ने कहा कि वह हमेशा यही करना चाहता था, रन बनाकर टीम इंडिया में वापसी करना। विदर्भ टीम के शिविर में पहले दिन से ही वह हमसे कहता था कि मेरे अंदर शीर्ष स्तर के क्रिकेट के तीन से चार साल और बचे हैं। यह खुशी की बात है कि वह आखिरकार इसे हासिल करने में सफल रहा। हम सभी को उस पर गर्व है। नायर के शानदार प्रदर्शन ने विदर्भ को 2024-25 सत्र में रणजी ट्रॉफी जीतने में मदद की।